TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

## जयंती विशेष

## 29 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar
The Change Makers

## आज का सुविचार

मुझे आगे बढ़ाना मेरे देश का कर्तव्य नहीं है
अपने देश को आगे बढ़ाना मेरा कर्तव्य है।



**मेजर ध्यानचंद**
**( हॉकी के जादूगर )**
**जन्म: 29 अगस्त 1905 मृत्यु: 03 दिसम्बर 1979**

राकेश कुमार

**Teachers of Bihar**

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 29 अगस्त

1. **राष्ट्रीय खेल दिवस–** 'हॉकी के जादूगर' कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति के द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षकों को खेल पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त, 1905 ई. को प्रयागराज में हुआ था। भारत तथा विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में उनकी गिनती होती है। उन्होंने तीन बार ओलम्पिक में भारत को हॉकी में स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने अपने खेल जीवन में 1000 से अधिक गोल दागे। वर्ष 1956 में ध्यानचंद को 'पद्म भूषण' पुरस्कार से सममानित किया गया था।
   - **संदर्भः** वर्ग 6 की हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'किसलय भाग 1'** के अध्याय चार से जोड़कर चर्चा करें।
2. **परमाणु परीक्षण विरोधी दिवस–** 02 दिसम्बर, 2009 ई. को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 64वें सत्र में 29 अगस्त को परमाणु परीक्षण विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया है। यह पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने 29 अगस्त, 1991 ई. को कजाखिस्तान द्वारा सेमीपलातिन्सक में किये गये परमाणु परीक्षण के खिलाफ इस प्रस्ताव को लाया था। यह दिवस परमाणु हथियार परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर बल देता है।
3. **माइकल जैक्सन का जन्म–** 'माइकल जैक्सन वाला दो तीन एक्शन करके दिखाओ...' गायक बादशाह का यह गाना तो आपने जरूर सुना होगा। अपने डांस स्टाइल को लेकर चर्चा में रहने वाले पॉप गायक माइकल जैक्सन का जन्म 29 अगस्त, 1958 ई. को अमेरिका के इंडियाना प्रांत में हुआ था। उनके नाम पर 23 बार गिनीज बुक रिकार्डस हैं और 13 बार ग्रैमी अवार्ड विजेता हैं। उनका एल्बम 'थ्रिलर' अब तक का सबसे ज्यादा बिकने वाला एल्बम है। 25 जून, 2009 ई. को उनकी मृत्यु हो गई।
4. **तेलुगु भाषा दिवस–** भारत के आंध्रप्रदेश राज्य में हर साल 29 अगस्त को तेलुगु भाषा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस तेलुगु कवि गिडगु वेंकट राममूर्ति के जन्मदिन के स्मृति में मनाया जाता है। इस दिवस को उद्देश्य तेलुगु भाषा को समृद्ध बनाने का प्रयास करना है।
5. **अंतर्राष्ट्रीय ऑरंगुटन दिवस–** वानर प्रजाति की एक महान जीव ऑरंगुटन (वनमानुष) मूलतः इंडोनेशिया और मलेशिया के निवासी हैं। वे वर्षावनों बोर्नियों और सुमात्रा में पाये जाते हैं। ऑरंगुटन अपना अधिक समय पेड़ों पर बिताते हैं। वे सबसे बुद्धिमान प्राइमेट्स हैं। मानव गतिविधियों के कारण उनकी जनसंख्या और सीमाओं में काफी गिरावट आयी है। उनके संरक्षण हेतु प्रतिवर्ष 29 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय ऑरंगुटन दिवस मनाया जाता है।

Thursday



*Madhu priya*

मधु प्रिया


# राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त



"राष्ट्रीय खेल दिवस" हॉकी के महान खिलाड़ी "मेजर ध्यानचंद" की जयंती के दिन मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस विभिन्न देशों में राष्ट्रीय खेल टीमों और उन देशों की खेल परंपराओं का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न आयु वर्ग के लोग कबड्डी, मैराथन बास्केटबॉल, हॉकी आदि खेलों में भाग लेते हैं। पंजाब और चंडीगढ़ में यह दिन बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान व कालजयी हॉकी खिलाड़ी' मेजर ध्यानचंद सिंह' जिन्होंने भारत को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलवाया, उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उनके जन्मदिन 29 अगस्त को हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति खेलों में विशेष योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित करते हैं। जिसमें राजीव गांधी खेल रत्न, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कारों के अलावा तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार प्रमुख है। इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ-साथ उनकी प्रतिभा निखारने वाले कोचों को भी सम्मानित किया जाता है। इसके अतिरिक्त लगभग सभी भारतीय स्कूल और शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन अपना सालाना खेल समारोह आयोजित करते हैं। पंजाब और चंडीगढ़ में इस दिन की कुछ अलग ही खासियत होती है।

# जयंती विशेष 29 अगस्त

राकेश कुमार




**मेजर ध्यान चन्द** *Major Dhyan Chand*; जन्म: 29 अगस्त, 1905, इलाहाबाद; मृत्यु: 3 दिसंबर, 1979, नई दिल्ली) भारतीय हॉकी खिलाड़ी थे, जिनकी गिनती श्रेष्ठतम कालजयी खिलाड़ियों में होती है। मानना होगा कि हॉकी के खेल में ध्यान चन्द ने लोकप्रियता का जो कीर्त्तिमान स्थापित किया, उसके आसपास भी आज तक दुनिया का कोई खिलाड़ी नहीं पहुँच सका। मेजर ध्यान चन्द रात में भी बहुत अभ्यास करते थे, इसलिए उन्हें उनके साथी खिलाड़ियों द्वारा उपनाम 'चांद' दिया गया।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 29.08.2024

## राष्ट्रीय खेल दिवस

भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। 29 अगस्त को मनाने का कारण यह है कि इस दिन भारत के दिग्गज हॉकी प्लेयर मेजर ध्यान चन्द का जन्म हुआ था। मेजर ध्यान चन्द को हॉकी का जादूगर कहा जाता है। उन्होंने हॉकी खेल में भारत का नाम ऊँचा किया था, इस लिए इनके जन्म दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




हॉकी के कारण ही सेना में उनका प्रमोशन होता गया. 1938 में उन्हें 'वायसराय का कमीशन' मिला और बाद में सूबेदार, लेफ्टिनेंट, कैप्टन और बाद में मेजर बने.

---

उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करने का श्रेय एक सूबेदार मेजर तिवारी को जाता है. मेजर तिवारी खुद भी हॉकी खिलाड़ी थे.

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## कुश्ती

**कुश्ती** एक लड़ाकू खेल है जिसमें ग्रैपलिंग-प्रकार की तकनीक शामिल है जैसे कि क्लिंच फाइटिंग, थ्रो और टेकडाउन, जॉइंट लॉक्स, पिन्स और अन्य ग्रैपलिंग होल्ड। खेल तो वास्तव में प्रतिस्पर्धी या खेल मनोरंजन भी हो सकता है। कुश्ती विभिन्न प्रकारों में आती है, जैसे कि लोक शैली, फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन, कैच, सबमिशन, जूडो, सैम्बो और अन्य। कुश्ती का मुकाबला दो (कभी-कभी अधिक) प्रतियोगियों या विरल भागीदारों के बीच एक शारीरिक प्रतियोगिता है, जो एक बेहतर स्थिति हासिल करने और बनाए रखने का प्रयास करते हैं। पारंपरिक ऐतिहासिक और आधुनिक दोनों शैलियों के साथ अलग-अलग नियमों के साथ शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला है। कुश्ती तकनीकों को अन्य मार्शल आर्ट के साथ-साथ सैन्य हाथ से हाथ लड़ने वाली प्रणालियों में शामिल किया गया है।




TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
29 अगस्त
राष्ट्रीय खेल दिवस
हॉकी के जादूगर
मेजर ध्यानचंद
की जयंती पर सादर नमन
29 अगस्त 1905 - 3 दिसंबर 1979
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari


राष्ट्रीय खेल दिवस
29 अगस्त
29 अगस्त 1905 -3 दिसम्बर 1979
हॉकी के जादूगर व
पद्म भूषण से सम्मानित
मेजर ध्यान चंद सिंह
की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।
पद्म
भूषण
समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024



**डॉक्टर मीनाक्षी कुमारी**
**मधुबनी**



**सिकेंद्र कुमार सुमन**
**कैमूर**

**टीचर्स ऑफ बिहार और सहयोगी बालमन पत्रिका की तरफ से बहुत बहुत बधाई।**

**CONGRATULATIONS**